


मिचेल ने ऐसे पूरा किया मिशन

167 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कीवी टीम ने 13 रन पर ही अपने दो अहम विकेट गंवा दिए थे। दस ओवर तक उसका टोटल सिर्फ 58 रन ही हुआ था और वह कहीं से भी मुकाबले में नजर नहीं आ रहा था, लेकिन मिचेल ने एक छोर थाम रखा। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए डेवोन कॉन्वे (38 गेंद पर 46 रन) के साथ 67 गेंद पर 82 रन की साझेदारी करके पहले तो टीम को मैच खत्म होने के पहले ही मुकाबले से बाहर होने से बचाया।

## पिता से जुदा है न्यूजीलैंड को फाइनल में पहुंचाने वाले मिचेल की कहानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, मार्टिन गप्टिल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ये कुछ ऐसे नाम हैं जिन्हें पूरी दुनिया जानती है। मगर वर्ल्ड टी–20 में बीती रात कीवियों को उनका नया हीरो मिल गया। ओपनिंग करने आए डेरिल मिचेल तब तक मैदान पर डटे रहे, जब तक अपनी टीम को फाइनल में न पहुंचा दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ टी–20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में पांच विकेट से जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया, लेकिन सलामी बल्लेबाज डेरिल मिचेल की खासतौर पर तारीफ की, जिन्होंने शुरुआती झटकों के बावजूद टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। 1991 में हैमिल्टन में पैदा होने वाले डेरिल की पसंद किसी आम न्यूजीलैंडवासी की ही तरह थी। पिता जॉन मिचेल पूर्व रग्बी खिलाड़ी और मशहूर कोच थे। ऐसे में घर में शुरू से ही रग्बी का माहौल मिला। रग्बी खिलाड़ियों के साथ ही ट्रेनिंग करते। पहला प्यार भी उनका यही था, लेकिन धीरे–धीरे दिल में क्रिकेट घर करने लगा था। 18 साल की उम्र में जब रग्बी–क्रिकेट में से किसी एक को चुनना का वक्त आया तब, डेरिल ने बैट–बॉल चुना।

# नीशम की तूफानी बल्लेबाजी से पलटा मैच, टीम पहुंची फाइनल में

क्रिकेट

## मैच खत्म होने के बाद अकेले बैठ रहे नीशम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में इतिहास रचते हुए पहली बार फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 166 रन का स्कोर खड़ा किया था। जबाव में 5 विकेट के नुकसान पर 19वें ओवर जीत का लक्ष्य हासिल कर टीम ने फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में टीम के एक खिलाड़ी ने हारी बाजी को जीत में बदलने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टास जीता और फिल्डिंग करने का फैसला लिया। मोइन अली के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने 166 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। गुप्टिल और कप्तान विलियमसन का विकेट टीम ने जल्दी गंवाया। 16 ओवर तक टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बनाए थे। 24 गेंद पर टीम के 57 रन की जरूरत थी।

17वें ओवर में कुल 23 रन बने जिसमें से दो वाइड थे जबकि दो लेग बाई के रुप में न्यूजीलैंड को मिले। नीशम ने पहली और चौथी गेंद पर छक्का लगाया जबकि तीसरी गेंद को चौके के लिए भेजा। इसके बाद अगले ओवर की दूसरी गेंद पर भी उन्होंने छक्का लगाया। 11 गेंद पर 27 रन की पारी खेलकर इस आलराउंडर ने मैच का रुख इंग्लैंड के न्यूजीलैंड की तरफ मोड़ दिया।

न्यूजीलैंड की टीम ने पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। इस ऐतिहासिक पल को टीम ने नीशम की तूफानी मैच का रुख मोड़ने वाली पारी के दम पर हासिल किया। एक वक्त चोट और खराब फार्म की वजह से क्रिकेट छोड़ने का फैसला कर चुके नीशम ने टीम को बड़े मंच पर बड़ी जीत दिलाई।

इस जीत के बाद वह अकेले मैदान के करीब बैठे नजर आए। सभी खिलाड़ी मैच खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम में चले गए थे लेकिन नीशम अकेले ही मैदान के पास बैठे रहे।



# कप्तान केन विलियमसन ने डेरिल मिचेल की दिल खोलकर की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबुधाबी। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में पांच विकेट से जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया लेकिन सलामी बल्लेबाज डेरिल मिचेल की विशेष तौर पर प्रशंसा की जिन्होंने शुरुआती झटकों के बावजूद टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 166 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने मिचेल (नाबाद 72), डेवोन कॉनवे (46) और जेम्स नीशाम (10 गेंदों पर 26) की पारियों से एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल की। विलियमसन ने मैच के बाद कहा, 'हमारी टीमें कई अवसरों पर एक दूसरे के खिलाफ खेली हैं और हम जानते थे कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। हमारी पूरी टीम ने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया।' उन्होंने कहा, 'टॉप ऑर्डर में मिचेल ने अदभुत बल्लेबाजी की। उन्होंने अपने कौशल और जज्बे का आज असली नमूना पेश किया।' विलियमसन ने नीशाम की भी प्रशंसा की जिन्होंने तब तूफानी पारी खेली जब न्यूजीलैंड को चार ओवर में 57 रन चाहिए थे। कीवी कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में कई चीजें मायने रखती हैं जैसे विकेट, छोटी बाउंड्री वाला स्थान और ऐसी ही अन्य चीजें जो खेल में अंतर पैदा करती हैं। हमारे पास विकेट थे जो वास्तव में महत्वपूर्ण था। नीशाम ने कई बड़े शॉट्स लगाए और खेल की दिशा बदल दी।'

### मिचेल को अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया

इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि उनकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेल दिखाया और यह बता पाना मुश्किल है कि आज उनकी टीम से कहां गलती हुई। मोर्गन ने कहा, 'हम जानते थे कि दोनों टीमों के पास कुशल खिलाड़ी लेकिन आज न्यूजीलैंड ने बढ़िया खेल दिखाया।

मुझे अपने सभी खिलाड़ियों पर गर्व है। हमने इस मैच में और पूरा टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। अभी यह बता पाना मुश्किल है कि कहां गलती हुई।' उन्होंने कहा, 'विकेट आसान नहीं था और स्पिनरों को मदद मिल रही थी। ऐसे में लंबे शॉट खेलना आसान नहीं था।

## नेशनल रेसलर की हत्या की खबर निकली फेक, खुद निशा दहिया ने कहा– जिंदा हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय रेसलिंग वर्ल्ड में उस वक्त भूचाल आ गया जब नेशनल महिला रेसलर निशा दहिया और उनके भाई की दिनदहाड़े हत्या की सनसनीखेज खबर आई। पूरा कुश्ती जगत स्तब्ध था। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि यहां जिस निशा दहिया की बात हो रही थी उन्होंने कुछ ही दिन पहले अंडर–23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप–201 में कांस्य पदक जीता था। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ही निशा सहित पूरी टीम को मेडल जीतने पर बधाई दी थी। हालांकि इस खबर की पुष्टि के लिए जब महिला रेसलिंग टीम के नेशनल कोच कुलदीप मलिक से संपर्क किया तो उन्होंने कहा ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया– महिला कुश्ती टीम सीनियर नेशनल्स के लिए गोंडा में है। वह ठीक हैं, जो भी खबरें उनकी मौत की हैं, वो फेक हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस निशा की मौत हुई है वह यह नहीं हैं। मुझे इस खबर के बारे में जानकारी भी नहीं है। जिस लड़की की हत्या हुई है वह सोनीपत जिले के हलालपुर गांव की रहने वाली हैं। वह भी पहलवान हैं और उनका नाम भी निशा दहिया है।

## न्यूज डायरी




### भारतीय टीम की चयन नीति में ही है खामी, पूर्व भारतीय क्रिकेटर का बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में ग्रुप स्टेज से ही भारतीय टीम बाहर हो गई और इसके बाद टीम इंडिया में कई बदलाव एक साथ नजर आए। अब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नए कप्तान विराट कोहली की जगह रोहित शर्मा हैं तो वहीं टीम के नए हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने रवि शास्त्री की जगह ली है साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ इस वर्ल्ड कप के बाद भारत को तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम देकर कई युवाओं को मौका दिया गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेली सीरीज रोहित शर्मा की पहली परीक्षा होगी और उन्हें जो टीम मिली है उसमें कुछ नए युवा चेहरे भी हैं। इस टीम में वेंकटेश अय्यर, रितुराज गायकवाड़, हर्षल पटेल, मो. सिराज व आवेश खान को शामिल किया गया है जो किवी टीम के खिलाफ अपना जोर दिखाते नजर आने वाले हैं। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ जिस तरह की टीम चुनी गई है उससे टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज आकाश चोपड़ा निराश नजर आ रहे हैं।

### सेमीफाइनल से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आया बुखार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और शोएब मलिक 'हल्के फ्लू (सर्दी–जुकाम) से पीड़ित हैं और उनका गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी–20 विश्व कप सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध है। बुधवार को टीम के ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा नहीं लेने वाले रिजवान और मलिक दोनों कोविड–19 परीक्षण में निगेटिव आए हैं। टीम के बाकी सदस्य भी नियमित परीक्षण में निगेटिव पाए गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, 'दोनों खिलाड़ियों का कोविड–19 परीक्षण हुआ है और दोनों निगेटिव आए हैं। टीम के बाकी सदस्य भी टूर्नामेंट के नियमित परीक्षण के दौरान निगेटिव आए हैं जिसमें से एक परीक्षण दो दिन पहले हुआ था।' खबर के अनुसार बुधवार सुबह रिजवान और मलिक जब उठे तो उन्हें 'हल्का फ्लू और हल्का बुखार' था और उन्हें शुरुआत में विलंब से अभ्यास में हिस्सा लेने की सलाह दी गई, लेकिन बाद में इसमें हिस्सा नहीं लेने की स्वीकृति दे दी गई।

### युजवेंद्र चहल ने शेयर की क्वारंटीन सेल्फी, लोगों ने पूछा– भाभी कहां हैं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 17 नवंबर से होगी। सीरीज का पहला टी20 मैच जयपपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चुने गए सभी 16 खिलाड़ियों को 13 नवंबर तक जयपुर में एकत्रित होने को कहा है। टीम इंडिया के नए टी20 कप्तान रोहित शर्मा सहित टी20 वर्ल्ड कप 2021 में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले छोटा ब्रेक मिला। सभी खिलाड़ियों को 3 दिन क्वारंटीन में गुजारना होगा। इसके बाद वह टीम इंडिया के बायो बबल में यानी 17 नवंबर को प्रवेश करेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने वाले खिलाड़ियों को भी 2 दिन का ब्रेक मिला है और वह भी शनिवार को जयपुर पहुंचेंगे।

### मोर्गन ने बताया, कब और कैसे इंग्लैंड के हाथ से फिसला सेमीफाइनल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड को हराकर उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और खुद कीवी टीम ने पहली बार इस मेगा इवेंट के फाइनल में प्रवेश किया है, जहां उनका सामना पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच की विजेता टीम से होगा। इस बड़े मैच में इंग्लैंड से कहां चूक हुई, इसका खुलासा इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने किया है। इंग्लैंड टीम के कप्तान इयोन मोर्गन ने मैच के बाद कहा, मुकाबले पर आएं तो हम जानते हैं को दोनों टीमों में समान कौशल है। हालांकि, पूरा श्रेय केन विलियमसन और उनकी टीम को जीत है। उन्होंने आज हमें खेल से बाहर कर दिया।